एक नजर में

## सरदारपुर जेल का निरिक्षण एवं विधिक सहायता जागरूकता शिविर का आयोजन



**सरदारपुर ।** प्रदीप कुमार सोनी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकारण धार द्वारा सब जेल सरदारपुर का निरीक्षण किया गया ।सब जेल सरदारपुर में निरूद्ध समस्त बंदियों हेतु विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया एवं समस्त बंदियों को विधिक सहायता एवं उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई एवं उनके स्वास्थ्य भोजन रहने की व्यवस्था एवं वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग से पेशी के संबंध में के बारे में जानकारी ली गई, जमानती धाराओं में जमानत याचिका शीघ्र अधिवक्ता के द्वारा लगाने हेतु निर्देशीत किया गया एवं सजायाप्ता बंदियों के अपील संबंधी जानकारी ली गई जमानत होने के बाद भी यदि जमानतदार के आभाव में जेल में निरूद्ध बंदियों एवं जुर्माने के आभाव में सजा भुगत रहे कैदियों की जानकारी ली गई एवं बंदियों के केस से संबंधित समस्याओं को सुना एवं मौके पर ही निराकरण कर सुझाव दिये गये ।बाद सम्पूर्ण जेल का निरीक्षण किया गया। शिविर एवं निरीक्षण के दौरान जेल पर संजय कुमार परमार सहायक जेल अधीक्षक, सियाराम लिमनपुरे वारंट शाखा प्रभारी एवं दुर्गाशंकर मरोला तकनीकी सहायक अन्य ड्यूटीरत स्टॉफ उपस्थित रहे ।

## श्री एकेडमी में अंडर 20 कुश्ती का चयन ट्रॉयल संपन्न



**महू .** श्री एकेडमी कोदरिया में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के महू ब्लॉक के खेलो एमपी यूथ गेम्स के तहत अंडर 20 कुश्ती का आयोजन किया गया . इस आयोजन में महू विकासखंड के बालक एवं बालिका पहलवानों ने फ्री स्टाइल और ग्रीको रोमन कुश्ती शैली में प्रतिभागिता की . आयोजन में राष्ट्रीय पहलवान मन्नू चौहान, मिश्रीलाल पहलवान, सज्जन सिंह ठाकुर, राजकुमार कैथवास, हिमेश जरिया एवं अन्य अतिथि उपस्थित थे . विभिन्न वजन वर्गों की कुश्तियों के सुबह 10 .30 बजे वजन किए गए . आयोजन 12 बजे तक आयोजित हुआ . यह आयोजन विकासखंड खेल अधिकारी लीना श्रीवास के निर्देशन में आयोजित हुआ . श्री एकेडमी के डायरेक्टर डॉ . राजेश कुमार पाटीदार ने कुश्ती प्रतियोगिता का संयोजन किया . विजेता पहलवान शनिवार को इंदौर नेहरू स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे . कुश्तियों में निर्णायक की भूमिका राम यादव पहलवान तथा विजय वर्मा पहलवान ने निभाई . विजेता पहलवानों को अंतरराष्ट्रीय पहलवान मानसिंह यादव, कुश्ती सम्राट डॉ . सतीश मांडिया, पप्पू पाटीदार पहलवान, राष्ट्रीय पहलवान विजय पाटीदार ने बधाई दी .

## समाजसेवी सलीम शेख और उनकी प्रदेश टीम को सामूहिक सम्मान



**महू .** सामाजिक एवं जनहितैषी कार्यों में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष हाजी सलीम शेख एवं उनकी सम्पूर्ण प्रदेश टीम को भारतीय मानवाधिकार परिषद के तत्वावधान में डॉ . बाबा साहेब अंबेडकर ग्लोबल पीस अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया . मुंबई स्थित जीसीसी क्लब में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परिषद के संरक्षक आचार्य देवेंद्र ब्रह्मचारी रहे . इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी शेख, कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र सिंह वालिया एवं नेशनल वर्किंग कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यप्रकाश त्रिवेदी द्वारा सम्मान प्रदान किया गया . प्रदेश अध्यक्ष हाजी सलीम शेख के साथ जिन सदस्यों एवं पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया, उनमें रितेश चंदाचोरिया, रितु छाबड़ा, गीता बिल्लोरिया, सीमा ओझा, मंजू शर्मा, सुनीता पाठक, अलीशा खान, सरदार मोहन सिंह, जगमोहन सोन, ब्रजेश पारोचे, डॉ . विजय बिजोले, डॉ . यूनुस खान, डॉ . निशांत एस . मेहता, तौसिफ शेख सहित संगठन के अन्य सदस्य एवं पदाधिकारी शामिल थे .

## खेल शिविर : ब्लॉक स्तर पर 18 खिलाड़ियों का चयन

**महू .** खेलो एमपी यूथ गेम्स-2026 के अंतर्गत खेल एवं युवा कल्याण विभाग, इंदौर द्वारा निर्देशित एडहॉक जिला फुटबॉल संघ, सदस्यों द्वारा महू ब्लॉक स्तर पर खिलाड़ियों का चयन शिविर शुक्रवार को हाई स्कूल स्टेडियम ग्राउंड महू में संपन्न हुआ . इस एक दिवसीय चयन शिविर में 40 खिलाड़ियों ने सहभागिता दी, जिसमें 18 खिलाड़ियों का चयन जिला स्तरीय चयन प्रक्रिया एवं संभागीय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया. शिविर में



उद्निषद स्कूल के डायरेक्टर अंकित गोयल, अंश तिवारी, एडहॉक डीएफए इंदौर के चेयरमैन जगदीशचंद खोड़े, कन्वीनर अशोक पिल्ले एवं सदस्य सुरेश डामोर द्वारा प्रतिभागी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं . चयन समिति में प्रवीण कांबले, नीरज शर्मा, नितिन संकत, इनामुलहक, शुभम् दीवार, रमीज राजा एवं खेल विभाग से कोच लवलेश सिलावट को चयनकर्ता के रूप में नियुक्त किया गया था .

# दिनदहाड़े महिला से सोने की चेन झपटी, बाइक सवार फरार

नव भारत न्यूज

इंदौर. अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े महिला से सोने की चेन झपटने की वारदात सामने आई है. बाइक पर आए अज्ञात बदमाश ने पलक झपकते ही महिला के गले से सोने की चेन छीनी और मौके से फरार हो गया. पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

सुदामा नगरके ड़ी सेक्टर में रहने वाली 53 वर्षीय फरियादी अंजली बोराडे ने पुलिस को बताया कि कल दोपहर करीब 3.20 से 3.30 बजे के बीच वह सेक्टर-सी, वैशाली नगर क्षेत्र में थी, तभी एक अज्ञात बदमाश मोटरसाइकिल से वहां पहुंचा और अचानक उसके गले में पहनी सोने की चेन झपटकर फरार हो गया.







# पोरवाड़ समाज महिला मंडल का मकर संक्रांति आयोजन

**कुक्षी ।**श्रीदशा वैष्णव पोरवाड़ समाज महिला मंडल द्वारा मकर संक्रांति के पावन पर्व पर सामाजिक मांगलिक भवन में भव्य हल्दी-कुंकुम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ एक-दूसरे को हल्दी-कुंकुम लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं ।कार्यक्रम के दौरान वर्ष भर में आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक और साहित्यिक गतिविधियों के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। महिला मंडल सचिव प्रियंका गुप्ता ने जानकारी दी कि समाज द्वारा वर्षभर राष्ट्रीय त्योहारों और महत्वपूर्ण दिवसों पर बच्चों, युवाओं और महिलाओं के लिए साहित्यिक, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। इन गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य समाज की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है, जिनके पुरस्कार प्रतिवर्ष मकर संक्रांति पर वितरित किए जाते हैं ।समारोह की अध्यक्षता श्रीमती निवेदिता महेंद्र सेठ गुप्ता ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती मंजुला प्रकाश जी गुप्ता उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती साधना अनिल जी गुप्ता के स्वागत उद्बोधन से हुआ ।कार्यक्रम का संचालन श्रीमती नैना आशीष एवं श्रीमती सुनीता महेश गुप्ता द्वारा किया गया। आभार माना महिला मंडल उपाध्यक्ष प्रवीणा गुप्ता ने.इस मौके पर बड़ी संख्या में मातृशक्ति मौजूद रही.आयोजन का समापन सामूहिक सामाजिक सहभोज के साथ हुआ,जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन सम्मिलित हुए ।

# ओलंपियाड परीक्षा संपन्न, विद्यार्थियों को कराया भोजन

**बाकानेर-राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार जनपद शिक्षा केंद्र उमरबन में कक्षा 2 से 8 तक के विद्यार्थियों की ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन किया गया । कुल 513 नामंकित विद्यार्थी में से 437 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए**



उमरबन बी आर सी राजेश रावल ने बताया की ओलंपियाड परीक्षाएँ छात्रों की तार्किक, विश्लेषणात्मक और समस्या-समाधान क्षमताओं का आकलन करने के लिए आयोजित की जाने वाली प्रतिस्पर्धी परीक्षाएँ हैं, जो सामान्य स्कूली पाठ्यक्रम से आगे बढ़कर विज्ञान, गणित, अंग्रेजी और सामान्य ज्ञान जैसे विषयों में उनकी गहरी समझ और प्रतिभा को परखती हैं। ये परीक्षाएं छात्रों को राष्टीय और अंतर्राष्टीय स्तर पर अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करने और अकादमिक उत्कृष्टता हासिल करने का मौका देती हैं, जिससे उनकी छिपी प्रतिभाओं की पहचान हो और उन्हें सही दिशा मिल सके।

जन शिक्षा केंद्र स्तरीय प्रतियोगिता में प्रत्येक जन शिक्षा केंद्र से कक्षा वार एवं विषय वार चयनित विद्यार्थियों के लिए उक्त जिला स्तरीय द्वितीय चरण की प्रतियोगिता का आयोजन जनपद शिक्षा केंद्र उमरबन के कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल बाकानेर मे केंद्राध्यक्ष श्रीमती किरण वास्केल के दायित्व में सम्पन्न हुई द्य प्रातः 10 बजे से शाम 3.30 बजे तक तीन चरणों में परीक्षा का आयोजन किया गया द्य सभी परीक्षार्थी शिक्षक और अभिभावक को सब्जी पूरी सेव पुलाव, सलाद आदी का भोजन कराया गया।

परीक्षा प्रभारी देवेंद्र सोलंकी ने परीक्षा में सहयोग प्रदान करने हेतु समस्त जन शिक्षकों एवं उपस्थित समस्त शिक्षकों का आभार व्यक्त किया

## जन्म शताब्दी कार्यक्रम में सम्मिलित होने गायत्री परिवार के परिजन हरिद्वार रवाना

**मनावर। अखिल विश्व गायत्री परिवार के द्वारा हरिद्वार मे अखंड दीपक एवम माता भगवती देवी शर्मा के जन्म के 100 वर्ष पूर्ण होने पर जन्म शताब्दी कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमे क्षेत्र के सैकड़ों गायत्री परिवार के परिजन हरिद्वार जा रहे हैं। उक्त कार्यक्रम 19 जनवरी से 23 जनवरी तक संपन्न होगा। जिसमे प्रथम दिवस 19 जनवरी को आदिवासी सम्मेलन होगा। क्षेत्र के ग्राम देवरा, टेमरिया, सीतापुरी, खंडलाई, भानपुरा, अजंदा, लिम्बी, अजंदीमान क्षेत्र से हरिद्वार जाने के लिए गायत्री परिजन गायत्री शक्ति पीठ में एकत्रित हुए।**

जहा पर गायत्री परिवार के तहसील संयोजक गिरधारी लाल मालवीय, सागर सिंह मंडलोई, ओंकार कनेल ने तिलक लगाकर गायत्री परिवार परिजनों को रवाना किया।

इस अवसर पर गिरधारी लाल मालवीय ने बताया कि हरिद्वार में गंगा मैया के किनारे बैरागी द्वीप पर पांच दिवसीय गायत्री परिवार का विशाल आयोजन संपन्न होगा। 19 जनवरी को आदिवासी सम्मेलन होगा। क्षेत्र के सैकड़ों गायत्री परिवार के आदिवासी परिजन हरिद्वार में अपनी पारंपरिक वेशभूषा, वाद्य यंत्र, तिर कमान लेकर सम्मिलित होंगे। गायत्री परिवार के युवा संयोजक बादल भालके के नेतृत्व मे हरिद्वार के लिए भारी तादाद में रवाना हुए।

## ममता भयडिया बनीं सहायक प्राध्यापक, हुआ सम्मान

**सरदारपुर।** सरदारपुर पशु विकासखंड क्षेत्र की अधिकारी ममता भयडिया मप्र लोक सेवा आयोग की चयनित 2022 परीक्षा मे सफलता हासिल करके दित्तीय सहायक प्राध्यापक में चयनित हुई है। पशु पालन एवं डेयरी विभाग में कार्यरत सुश्री ममता भयडिया ने अपने अनुकरणीय कार्य, अटूट संकल्प एवं निरंतर परिश्रम के बल पर सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी से मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित द्वितीय श्रेणी सहायक प्राध्यापक (प्राणिशास्त्र) के पद तक पहुंचकर न केवल विभाग बल्कि संपूर्ण क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। उनका यह सफर सेवा, साधना और सफलता का उत्कृष्ट उदाहरण है। सरदारपुर पशु विकासखंड के वरिष्ठ अधिकारी डॉ दिलीप गामड ने बताया कि सुश्री ममता भयडिया मूलतः ग्राम सिद्धगांव, तहसील जोबट, जिला अलीराजपुर की निवासी हैं। वर्ष 2021 में उनका चयन पशु पालन एवं डेयरी विभाग में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के रूप में हुआ था तथा वे पशु चिकित्सालय सरदारपुर में पदस्थ रहीं।

## पांच सितारा होटल में बैठकर राहुल गांधी के आगमन की तैयारी

इंदौर. आज भागीरथपुरा में दूषित पानी से दिवंगत और पीड़ितों से मिलने नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी आ रहे है. उनके आगमन की तैयारी प्रदेश प्रभारी और सह प्रभारी पांच सितारा होटल में बैठकर कर रहे है. इससे समझा जा सकता है कि कांग्रेस में अभी भी कार्यकर्ताओं की अनदेखी और एयर कंडीशनर संस्कृति जा नहीं रही है. सोचने वाली बात यह है कि शहर के राजबाड़ा के पास स्थित कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन में सन्नाटा पसरा हुआ है. देश की संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भागीरथपुरा क्षेत्र में जहरीले पानी की घटना को लेकर आज इंदौर आ रहे है. राहुल की यात्रा की तैयारी पिछले दो दिनों से पांच सितारा होटल में बैठकर की जा रही है. पांच सितारा होटल द पार्क के एयर कंडीशनर रूमों में बैठकर प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी और सह प्रभारी उषा नायडू, संजय दत्त राहुल के लिए भीड़ जुटाने की योजना बना रहे है. सवाल है कि पांच सितारा होटल में कांग्रेस का आम कार्यकर्ता कैसे पहुंचेगा? उसकी बात कौन सुनेगा।

## निगम 15 सौ करोड़ का कर्ज लेकर पानी लाइन सुधारेगा

इंदौर. नगर निगम ने भागीरथपुरा की घटना से सबक लेकर 15 सौ करोड़ रुपए का कर्ज लेकर शहर एमआर नर्मदा जल वितरण व्यवस्था सुधारने का निर्णय लिया है . उक्त कार्य अलावा निगम में नए पदों नियुक्ति और भर्ती करने की स्वीकृति भी दी गई है . नगर निगम महापौर परिषद की आज बैठक हुई . बैठक में भागीरथपुरा में दिवंगत हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई . इसके बाद बैठक में शहर की जलप्रदाय व्यवस्था के तहत नई लाइन डालने और पुरानी लाइनों को सुधारने के लिए 15 सौ करोड़ रुपए का कर्ज लेने की सहमति दी गई है .



# बिडवाल में पाटीदार समाज बैठक

**बदनावर ।** ग्राम बिडवाल में स्थित सरदार पटेल हाई स्कूल में शुक्रवार को मध्य प्रदेश पाटीदार समाज संगठन की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रांतीय कार्यालय श्री वासुदेव परिसर के प्रस्तावित निर्माण को लेकर 25 जनवरी को उज्जैन की महाकाल नगरी में होने वाले भव्य भूमि पूजन कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा की गई, बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक समाजजनों से कार्यक्रम में सहभागिता का आह्वान किया, आयोजन में प्रांतीय अध्यक्ष कृष्णकांत पटेल, जिला अध्यक्ष यतिन पाटीदार, युवा संगठन जिला अध्यक्ष देवेंद्र पाटीदार, जिला महामंत्री राजेश पालोत्रा, महिला संगठन तहसील अध्यक्ष सारिका पटेल, तहसील अध्यक्ष मिनेश पाटीदार, संरक्षक गोवर्धनलाल पालोत्रा सहित रमेश पटेल शेरगढ़, अशोक पटेल बिडवाल, कन्हैयालाल पटेल रूपाखेड़ा, रतनलाल पाटीदार, हवलदीलाल पाटीदार, मनोज पाटीदार, राधेश्याम बोलदिया तोरनोद, दशरथ चौधरी अध्यक्ष सरदार पटेल हाई सेकेंडरी स्कूल, जगदीश भैसोटिया, गोपाल डेरी, विजय पाटीदार देसाई, जिला महामंत्री आशीष लाठी, गजानन पाटीदार सहित वरिष्ठजन एवं युवा वर्ग की उपस्थिति रही, बैठक से संबंधित जानकारी तहसील अध्यक्ष मिनेश पाटीदार द्वारा दी गई।

**एक नजर** डाक बंगले पर हुआ प्रदर्शन, कार्यकर्ताओं ने सरकार का ध्यान जनता की मूलभूत समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित किया

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का मौन धरना प्रदर्शन

**बाग — भागीरथपुरा सहित पूरे प्रदेश में आम जनता को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने तथा मजदूरों को उनकी मेहनत की पूरी मजदूरी दिलाने की मांग को लेकर आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बाग द्वारा शनिवार को डाक बंगले पर मौन धरना प्रदर्शन किया गया।**

**धरना प्रदर्शन के माध्यम से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार का ध्यान जनता की मूलभूत समस्याओं की ओर आकर्षित किया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमर मेक सिंह निगवाल ने कहा कि प्रदेश के कई क्षेत्रों में पेयजल संकट गंभीर बना हुआ है और मजदूर वर्ग को आज भी उनकी पूरी मजदूरी नहीं मिल पा रही है, जो चिंताजनक है।**



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मांग की कि सरकार शीघ्र ही इन समस्याओं का समाधान करे, अन्यथा आंदोलन को और तेज किया जाएगा। धरना प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ ।इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमर निगवाल, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि प्यार सिंह भूरिया विधायक प्रतिनिधि भारत मंडलोई, घटबोरी सरपंच प्रभु पटेल,जनपद सदस्य प्रतिनिधि वकार खान गोल्डी,यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मखन बघेल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सदन काटी,संग्राम सोलंकी,दिलीप अनारे, ईदु माली,केरू देवधा,कल सिंह घटबोरी,मधु सोलंकी,विशाल पटेल आदि उपस्थिति थे उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी राज मालानी ने दी ।